# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण),बरेली।

म.न.-69 B, उदयन, महानगर, बरेली, पिनकोड-243006

दूरभाषः— **9473942572,** ई0—मेल **eeupjnrural22@gmailcom**


पत्रांक 1063 / M-8 / 123 / दिनांक 09.09.2026

सेवा में

जिलाधिकारी महोदय
जनपद—बरेली।

विषय : **दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान में दिनांक 09.09.2026 को प्रकाशित खबर बरेली : बैरमनगर के बाद पहुंचा बुजुर्ग की टंकी को कटान से खतरा के सम्बन्ध में।**

महोदय,

बरेली /समाचार पत्र हिन्दुस्तान, दिनांक 09.09.2026 के सन्दर्भ में वांछित आख्या निम्न प्रारूप पर प्रेषित है—

| क्र0 सं0 | विभाग का नाम | समाचार पत्र का नाम/प्रकाशन का दिनांक | समाचार में अंकित तथ्यों का संक्षिप्त विवरण | विभाग/जिला प्रशासन द्वारा किया गया निदान | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) बरेली | हिन्दुस्तान दिनांक 09—09—2026 | **Bareily News: बैरमनगर के बाद पहुंचा बुजुर्ग की टंकी को कटान से खतरा**  | सादर अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम (फेज—2) के अन्तर्गत वर्ष 2021—22 में जनपद बरेली के विकास खण्ड मीरगंज की पहुँचा बुजुर्ग मुस्तिकिल पेयजल योजना के अन्तर्गत 1 नग ट्यूबवेल, 1 नग पम्प हाउस, 1 नग अवर जलाशय (150 KL/18m), 112.44 मी0 बाउन्ड्रीवॉल के कार्य पूर्ण किये गये है। ग्राम में लक्षित पाइप लाइन 6.92 कि0मी0 के सापेक्ष 7.27 कि0मी0 एवं 445 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 508 नग गृह संयोजन किये जा चुके है। वर्तमान में उक्त पेयजल योजना से सम्बन्धित ग्रामवासियों को स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। वर्तमान में नदी में आंशिक कटान की स्थिति है जोकि जलकल परिसर से 87 मी0 दूरी पर उत्तर दिशा की ओर है एवं नदी का जल स्तर कम हो रहा है। दिनांक 09.09.2026 को अधिशासी अभियन्ता बाढ़ खण्ड एवं अधोहस्ताक्षरी द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया, स्थल की स्थिति के सम्बन्ध में बाढ़ खण्ड के अधिशासी अभियन्ता का तकनीकी अभिमत प्राप्त किया गया उनके द्वारा स्थलीय स्थिति का अवलोकन करने के उपरांत अवगत कराया गया कि वर्तमान में OHT के | |

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण),बरेली।

म.न.-69 B, उदयन, महानगर, बरेली, पिनकोड-243006

दूरभाषः– 9473942572, ई0–मेल eeupjnrural22@gmailcom


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | आस पास नदी का कटान न होने के कारण तत्कालिक रूप से जलकल परिसर को खतरा परिलक्षित नहीं हो रहा है तथापि नदी के जल स्तर एवं तटवर्ती क्षेत्र की स्थिति पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है एवं सम्बन्धित कार्यदायी सस्था द्वारा नदी की तरफ की बाउन्ड्रीवाल में कटान रोकने के लिए Sand Bags तथा Brick Ballast के माध्यम से सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित किये जा रहे है। | |

भवदीया

9/9/24.

(आकांक्षा सिंह)
अधिशासी अभियन्ता


पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता, (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता, (मु0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण, मुरादाबाद।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण, बरेली।
5. मुख्य विकास अधिकारी, बरेली।
6. जिला सूचना अधिकारी, बरेली।

9/9

अधिशासी अभियन्ता


Path or polygon
Click points on the map to draw
Length
87.63 m
Heading
282.98°
Elevation profile
188.3 m
187.0 m
186.0 m
Done
Done
3D